स्थापना : 1982

# राजस्थान विधि सेवा परिषद

कार्यालय :– कमरा नं. 1007, मुख्य भवन
शासन सचिवालय, जयपुर (राज.)

जितेन्द्र सिंह
अध्यक्ष
7014347174, 9461302549

क्रमांक : राज.वि.से.प./01 | दिनांक : 01-01-2019

## आदेश

राजस्थान विधि सेवा परिषद् के अध्यक्ष पद के चुनाव में मुझ जितेन्द्र सिंह, उप विधि परामर्शी को दिनांक 19.12.2018 को पुनः निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया है।

मैं **जितेन्द्र सिंह, अध्यक्ष,** राजस्थान विधि सेवा परिषद के संविधान के अनुच्छेद–7 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा निम्नलिखित सदस्यों को मनोनीत कर, विधि सेवा परिषद की कार्यकारिणी के गठन की घोषणा करता हूँ :–

**–: संरक्षक :–**

श्री सतीश कुमार पाराशर, वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी

**–: परामर्श मण्डल :–**

1. श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, Sr. Jt.L.R
2. श्री हजारी राम ज्याणी, Jt.L.R
3. श्री सांवर मल पारीक, Jt.L.R.
4. श्री बालेन्द्र पाण्डेय, Jt.L.R
5. श्री प्रमोद कुमार कौशिक, Jt.L.R..
6. श्री हरीश कुमार शर्मा, D.L.R
7. श्री हरदयाल सिंह ढाका, D.L.R
8. श्री उमेन्द्र कुमार गोयल, D.L.R
9. श्री काशीराम, D.L.R
10. श्री उगमाराम, A..L.R
11. श्री सुब्रत सान्याल, A..L.R
12. श्री महेश चन्द यादव, A..L.R

01/01/2019

## —: कार्यकारिणी :—

| | |
|---|---|
| वरिष्ठ उपाध्यक्ष | — श्री प्रकाश गुप्ता, उप विधि परामर्शी |
| | — श्रीमती आशा शर्मा, उप विधि परामर्शी |
| उपाध्यक्ष | — श्री महेश गोयल, उप विधि परामर्शी |
| महासचिव | — श्री उत्तम सिंह, उप विधि परामर्शी |
| सचिव | — श्री सुरेश चन्द्र शर्मा, उप विधि परामर्शी |
| संयुक्त सचिव | — सुश्री भारती शर्मा, वरिष्ठ विधि अधिकारी |
| कोषाध्यक्ष | — श्री विजय कुमार जैन, उप विधि परामर्शी |
| सह—कोषाध्यक्ष | — श्री सोमदत्त खाण्डपा, कनिष्ठ विधि अधिकारी |
| प्रवक्ता | — श्री सुनील मुवाल, कनिष्ठ विधि अधिकारी |
| सह प्रवक्ता | — सुश्री पूनम कुमारी गुप्ता, कनिष्ठ विधि अधिकारी |
| समन्वयक | — श्री हेमन्त सिंह, कनिष्ठ विधि अधिकारी |

### —: सदस्यगण :—

श्री हारून अली, उप विधि परामर्शी
श्री छैल बिहारी अग्रवाल, उप विधि परामर्शी
श्री दुर्गा प्रसाद जोनवाल, उप विधि परामर्शी
श्री मो0 जाहिद रशीद, सहायक विधि परामर्शी
श्री संदीप सोंठवाल, कनिष्ठ विधि अधिकारी
श्री विभात सींवर, कनिष्ठ विधि अधिकारी
श्री वेद प्रकाश मीणा, कनिष्ठ विधि अधिकारी
श्री अनिल कुमार, कनिष्ठ विधि अधिकारी
श्री अरूण सिंह धाकड, कनिष्ठ विधि अधिकारी
श्री विकास अग्रवाल, कनिष्ठ विधि अधिकारी
श्री सुधीर कुमार वर्मा, कनिष्ठ विधि अधिकारी
श्रीमती रानू चौधरी. कनिष्ठ विधि अधिकारी
सुश्री शालिनी मित्रुका. कनिष्ठ विधि अधिकारी

01/01/2019

**नोटः**—कार्यकारिणी की बैठक के एजेण्डे को दृष्टिगत रखते हुए अध्यक्ष द्वारा कार्यकारिणी की बैठक में उपस्थित होने हेतु, विधि सेवा के किसी भी मा0 सदस्य को, **'विशेष आंमत्रित सदस्य'** के रूप में आमंत्रित किया जा सकेगा।

**विभिन्न** समितियों एवं सम्**भागीय स्तर के पदाधिकारीगण की सूची शीघ्र ही पृथक से जारी की जावेगी।**

Sd.
**(जितेन्द्र सिंह)**
**अध्यक्ष**
**राज0 विधि सेवा परिषद्**

प्रतिलिपि :— निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. शासन सचिव, महामहिम, राज्यपाल महोदय, राजस्थान, जयपुर।
2. प्रमुख शासन सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान, जयपुर।
3. विशिष्ठ सहायक, मा0 उप मुख्यमत्री महोदय राजस्थान, जयपुर।
4. वरिष्ठ उप सचिव, मुख्य सचिव महोदय, राजस्थान सरकार, जयपुर।
5. निजी सचिव, समस्त अति0 मुख्य सचिव, शासन सचिवालय, जयपुर।
6. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, विधि एवं विधिक कार्य विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
7. निजी सचिव, समस्त प्रमुख शासन सचिव / शासन सचिव, शासन सचिवालय, जयपुर।
8. निजी सचिव, सचिव / संयुक्त शासन सचिव, विधि विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
9. निजी सचिव, पुलिस महानिदेशक, राजस्थान, जयपुर।
10. संयुक्त शासन सचिव, कार्मिक / प्रशासनिक सुधार विभाग जयपुर।
11. पंजीयन, शासन सचिवालय, जयपुर।
12. अध्यक्ष / महामंत्री, सचिवालय विधि रचना संघ / राजस्थान सचिवालय फोरम, जयपुर।
13. अध्यक्ष / महामंत्री, राजस्थान सचिवालय, सेवा अधिकारी संघ / सचिवालय निजी सचिव / अति0 निजी सचिव सेवा संघ / सचिवालय सहायक कर्मचारी संघ / राजस्थान लोक सेवा आयोग कर्मचारी संघ, अजमेर।
14. महासचिव, राजस्थान राज्य राजपत्रित अधिकारी सेवा महासंघ, जयपुर।
15. निदेशक, जन सम्पर्क विभाग, राजस्थान, जयपुर।
16. अध्यक्ष / महासचिव, राजस्थान न्यायिक सेवा अधिकारी संघ, जयपुर।
17. सम्पादक महोदय, राजस्थान पत्रिका / दैनिक भास्कर को प्रकाशनार्थ।
18. Etv Rajasthan/Zee News Rajasthan/First India को प्रसारणार्थ।
19. नोटिस बोर्ड, शासन सचिवालय, जयपुर।
20. अध्यक्ष, हाईकोर्ट बार एसोसियेशन / जिला बार एसोसियेशन, जयपुर।

01/01/2019
**(जितेन्द्र सिंह)**
**अध्यक्ष**

4/

स्थापना : 1982

# राजस्थान विधि सेवा परिषद

कार्यालयः- कमरा नं. 1007, मुख्य भवन
शासन सचिवालय, जयपुर

जितेन्द्र सिंह
अध्यक्ष
9461302549, 7014347174

क्रमांक : राज.वि.से.प/4 दिनांक : 31.01.2019

**श्रीमान प्रमुख शासन सचिव,**

**विधि एवं विधिक कार्य विभाग,**

**शासन सचिवालय, जयपुर।**

विषय :– राजस्थान विधि (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम, 1981 में संशोधन करने के संबंध में।

मान्यवर,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सादर निवेदन है कि राजस्थान विधि (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा का गठन वर्ष 1981 में हुआ था। अपने गठन के समय से ही राजस्थान विधि सेवा के अधिकारीगण राजकीय वादकरण तथा अन्य विधिक मामलों का पूरी निष्ठा से सफलतापूर्वक निष्पादन कर रहे हैं।

वर्तमान में विधि सेवा नियमों के तहत पदोन्नति हेतु अनुभव की अवधि निम्नानुसार है–

| क्र.सं. | पदोन्नति पद | अनुभव |
|---|---|---|
| 1. | कनिष्ठ विधि अधिकारी से वरिष्ठ विधि अधिकारी | 5 वर्ष |
| 2. | वरिष्ठ विधि अधिकारी से सहायक विधि परामर्शी | 5 वर्ष |
| 3. | सहायक विधि परामर्शी से उप विधि परामर्शी | 3 वर्ष |
| 4. | उप विधि परामर्शी से संयुक्त विधि परामर्शी | 3 वर्ष का उप विधि परामर्शी के पद का अनुभव एवं 18 वर्ष की सेवा अवधि |
| 5. | संयुक्त विधि परामर्शी से वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी | 25 वर्ष की राज्य सेवा |

विधि सेवा में प्रविष्टि हेतु निर्धारित योग्यता विधि स्नातक होने के कारण समान्यतः 28 ये 35 वर्ष की आयु मे ही सेवा में प्रवेश हो पाता है और सेवा में आने के पश्चात् पदोन्नति में भी अत्यधिक समय लगता है। उदाहरण के लिये राजस्थान विधि सेवा में वर्ष 1994 एवं 1996 में सेवा में आये अधिकांश अधिकारीगण की पहली पदोन्नति में लगभग 15 से 18 वर्ष का समय लगा है। इसी प्रकार का द्वितीय पदोन्नति में भी अतिरिक्त समय लगता है।

विधि सेवा में प्रवेश का पद कनिष्ठ विधि अधिकारी का है, जो कि अधीनस्थ सेवा का पद है। कनिष्ठ विधि अधिकारी के पद से प्रथम पदोन्नति वरिष्ठ विधि अधिकारी के पद

31/01/2019

पर होती है, जो कि राज्य सेवा का पद है। विधि सेवा में वर्तमान में सहायक विधि परामर्शी एवं उप विधि परामर्शी के पदों पर पदासीन अधिकाशं अधिकारियों की प्रथम पदोन्नति लगभग 15 से 18 वर्ष में हुई है। उक्त अधिकांश अधिकारी लगभग 40 से 45 वर्ष आयु पूर्ण करने के उपरान्त ही राज्य सेवा में प्रविष्टि पा सके हैं। इस परिस्थिति में विधि सेवा के अधिकांश अधिकारीगण लगभग 15 से 20 वर्ष की ही राज्य सेवा कर सकेंगे।

चूंकि वर्तमान में संयुक्त विधि परामर्शी से वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी के पद पर पदोन्नति हेतु न्यूनतम 25 वर्ष की राज्य सेवा पूर्ण होना आवश्यक है, जो कि अधिकांश अधिकारीगण सेवानिवृति तक भी पूर्ण नहीं कर सकते। 25 वर्ष की राज्य सेवा पूर्ण करने की शर्त पूरी नहीं होने के कारण अधिकांश अधिकारी उक्त पद पर पदोन्नति से वंचित हैं एवं इसी कारण वर्तमान में वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी के 11 पदों में से मात्र 5 पद ही भरे हुए हैं और 6 पद रिक्त हैं। वित्तीय वर्ष 1919 –1920 में भी केवल एक ही अधिकारी इस पद पर पदोन्नति के योग्य हैं,जो कि पदोन्नति पश्चात कुछ माह वाद ही सेवानिवृत हो जायेंगे। इसके अतिरिक्त एक अन्य अधिकारी भी इस वर्ष सेवानिवृत हो जायेंगे। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 1919–1920 में रिक्तियों की संख्या और भी बढ़ेगी।

उक्त तथ्यात्मक स्थिति के प्रकाश में निवेदन है कि राजस्थान विधि सेवा के सदस्यों का अधिकांश सेवाकाल आरम्भिक दोनों पदों पर अर्थात कनिष्ठ विधि अधिकारी एवं वरिष्ठ विधि अधिकारी के पदों पर ही पूरा हो जाता है और इससे उच्चतर पदों पर पदोन्नति हेतु आयु एवं सेवाकाल बहुत कम शेष रहता है जिसके कारण अधिकांश अधिकारी संयुक्त विधि परामर्शी एवं वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी के पदों पर पदोन्नति का लाभ प्राप्त किए बिना ही सेवानिवृत हो जाते हैं।

राज्य सरकार की अधिकांश सेवाओं में उच्चतर पदों पर अनुभव की अवधि 3 वर्ष निर्धारित है तथा कुछ पदों पर पदोन्नति हेतु कोई न्यूनतम अनुभव अपेक्षित ही नहीं है। उल्लेखनीय है कि विधि सेवा के कनिष्ठतम पद कनिष्ठ विधि अधिकारी से लेकर वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी तक के पद के समस्त अधिकारियों पर एक ही सेवा नियम [राजस्थान विधि (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम, 1981] लागू होते हैं और कनिष्ठ विधि अधिकारी के पद पर ही सीधी भर्ती होती है तथा अन्य सभी पद 100 प्रतिशत पदोन्नति से भरे जाते हैं।

इस दृष्टि से विधि सेवा की तुलना राजस्थान सचिवालय सेवा से की जा सकती है, जिसमें कनिष्ठतम पद पर नियुक्ति के पश्चात् अन्य सभी पद 100 प्रतिशत पदोन्नति से भरे जाते हैं। सचिवालय सेवा नियमों में वरिष्ठतम पद वरिष्ठ शासन उप सचिव का है, जिसकी पदोन्नति हेतु कुल सेवा का 30 वर्ष का अनुभव निर्धारित है, लेकिन सचिवालय सेवा में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता सीनीयर सैकण्डरी है जबकि विधि सेवा में कनिष्ठ विधि अधिकारी के रूप में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता विधि स्नातक है अर्थात् विधि सेवा में प्रवेश के लिए सामान्य स्नातक के साथ–साथ विधि स्नातक होने के लिए तीन वर्ष का अतिरिक्त समय लगता है। सामान्यतः विधि अधिकारियों की भर्ती भी नियमित अंतराल से नहीं होती है। इस कारण से विधि सेवा में प्रवेश भी लगभग 28 से 35 की वर्ष की उम्र में हो पाता है। चूंकि अब राज्य सरकार द्वारा सभी सेवाओं में प्रवेश की अधिकतम आयु 40 वर्ष कर दी है और 40 वर्ष की उम्र में सेवा में प्रवेश करने पर कुल सेवा अवधि 20 वर्ष ही बचती है। ऐसी स्थिति में वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी के पद पर पदोन्नति हेतु 25 वर्ष की राज्य सेवा के अनुभव की शर्त पूर्ण होना संभव नहीं है। इसलिये **राज्य हित मे विधि सेवा**

31/01/2019

**में वरिष्ठतम पद पर पदोन्नति हेतु राज्य सेवा में 25 वर्ष के अनुभव के स्थान पर कुल सेवा का 27 वर्ष का अनुभव निर्धारित करने हेतु नियमों में संशोधन कराया जाना अपेक्षित है।**

उपरोक्त वस्तुस्थिति को देखते हुए विधि सेवा में वरिष्ठतम पद पर पदोन्नति हेतु कुल सेवा का 27 वर्ष का अनुभव निर्धारित करने हेतु नियमों मे निम्नानुसार संशोधन किया जाना प्रस्तावित है:–

| क्र.सं. | पदोन्नति पद | वर्तमान प्रावधान | प्रस्तावित संशोधन |
|---|---|---|---|
| 1. | कनिष्ठ विधि अधिकारी से वरिष्ठ विधि अधिकारी | 5 वर्ष | यथावत |
| 2. | वरिष्ठ विधि अधिकारी से सहायक विधि परामर्शी | 5 वर्ष | यथावत |
| 3. | सहायक विधि परामर्शी से उप विधि परामर्शी | 3 वर्ष | यथावत |
| 4. | उप विधि परामर्शी से संयुक्त विधि परामर्शी | 3 वर्ष का उप विधि परामर्शी के पद का अनुभव एवं 18 वर्ष की सेवा अवधि | यथावत |
| 5. | संयुक्त विधि परामर्शी से वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी | 25 वर्ष की राज्य सेवा | 27 वर्ष की कुल सेवा अवधि |

अतः विनम्र निवेदन है कि राजस्थान विधि (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम, 1981 में राज्य हित में उपरोक्तानुसार संशोधन करवाने की कृपा करें।

सादर ।

भवदीय

31/01/2019

अध्यक्ष

राजस्थान विधि सेवा परिषद

7

स्थापना : 1982

# राजस्थान विधि सेवा परिषद

कार्यालय :- कमरा नं. 1007, मुख्य भवन
शासन सचिवालय, जयपुर (राज.)

जितेन्द्र सिंह
अध्यक्ष
7014347174, 9461302549

क्रमांक : राज.वि.से.प./07 दिनांक : 12/02/2019

श्रीमान प्रमुख शासन सचिव,
विधि एवं विधिक कार्य विभाग,
शासन सचिवालय, जयपुर।

विषय :—वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी एवं संयुक्त विधि परामर्शी के रिक्त पदों के विरूद्व पदस्थापन बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि राजस्थान विधि सेवा संवर्ग में वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी एवं संयुक्त विधि परामर्शी के वर्तमान में अनेक पद रिक्त होने के कारण विभिन्न विभागों में राजकार्य प्रभावित हो रहा है।

अतः निवेदन है कि वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी एवं संयुक्त विधि परामर्शी के रिक्त पदों पर विधि सेवा के अधिकारीगण को पद विरूद्व पदस्थापित कर उक्त पदों को भरने की कृपा करें, तांकि राज्य सरकार के समस्त विभागों में राजकार्य सुचारू रूप से संचालित होता रहे।

सादर।

12/02/2019
(जितेन्द्र सिंह)
अध्यक्ष, राज0 विधि सेवा परिषद
एवं विधि सचिव, RASSO
O/C

क्रमांक — 8 14-2-19

ज्ञापन

प्रमुख शासन सचिव महोदय,
विधि एवं विधिक कार्य विभाग,
राजस्थान सरकार, जयपुर।

विषय :— कनिष्ठ विधि अधिकारी (JLO) के रिक्त पदों को भरने के लिए नवीन भर्ती प्रक्रिया हेतु RPSC अजमेर को संशोधित अभ्यर्थना भिजवाने एवं विज्ञप्ति जारी कराने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि वर्तमान में कनिष्ठ विधि अधिकारी (JLO) के लगभग 255 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से कुल 84 पदों पर ही अधिकारी कार्यरत हैं। इस प्रकार वर्तमान में कनिष्ठ विधि अधिकारी के लगभग 171 पद रिक्त हैं। इतनी अधिक संख्या में विधि अधिकारियों के पद रिक्त रहने पर विभिन्न विभागों का विधिक/वादकरण सम्बन्धी कार्य प्रतिकूल रूप से प्रभावित होना स्वभाविक है, जो कि राज्यहित में नहीं है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में 151 कनिष्ठ विधि अधिकारियों की भर्ती हेतु अभ्यर्थना लोक सेवा आयोग को भिजवायी जा चुकी है परन्तु अत्यन्त समय व्यतीत होने के पश्चात् भी अभी तक भर्ती हेतु विज्ञापन जारी नहीं हुआ है। लोक सभा चुनावों के कारण निकट भविष्य (सम्भावित मार्च का प्रथम सप्ताह) में आचार संहिता लागू हो सकती है। इस परिस्थिति में यदि मार्च के प्रथम सप्ताह से पूर्व ही लोक सेवा आयोग से उक्त रिक्तियों को भरने हेतु विज्ञप्ति जारी नहीं की जाती है, तो भर्ती का विज्ञापन आचार संहिता से प्रभावित हो सकता है और इस कारण से लगभग तीन माह का और विलम्ब संभावित है।

अतः निवेदन है कि कनिष्ठ विधि अधिकारियों के पदों की वर्तमान रिक्तियों के अनुसार लोक सेवा आयोग को संशोधित अभ्यर्थना शीघ्र ही भिजवाकर आचार संहिता से पूर्व ही भर्ती हेतु विज्ञापन जारी करवाने की कृपा करें ताकि रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही प्रारम्भ हो सके।

सादर

भवदीय
14/2/2019
(जितेन्द्र सिंह)
अध्यक्ष
राजस्थान विधि सेवा परिषद

9/c

# राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर-302018, फोन- 0141-2552796

क्रमांक प.14( )RSMSSB / अर्थना / क वि अ / भर्ती / 2018 / 544 दिनांक 08.05.2018

संयुक्त शासन सचिव,
विधि एव विधिक कार्य विभाग,
शासन सचिवालय,
जयपुर।

विषय कनिष्ठ विधि अधिकारी के रिक्त पदों को भरने बाबत।
संदर्भ आपके पत्र क्रमांक प.22(1)न्याय / 18 दिनांक 03.04.2018

महोदय

उपरोक्त विषयान्तर्गत एव सन्दर्भित पत्र के सबंध में निवेदन है कि आपने कनिष्ठ विधि अधिकारी के 156 रिक्त पदों की भर्ती के लिए अर्थना बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की है। राजस्थान विधिक (राज्य एव अधीनस्थ) सेवा नियम-1981 के नियम 23 मे 20 अको के साक्षात्कार का प्रावधान दिया हुआ है। बोर्ड द्वारा अभी तक किसी भी पद पर भर्ती के लिये साक्षात्कार आयोजित नहीं किये गये है। अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त नियमों में साक्षात्कार का प्रावधान विलोपित कर सशोधित नियम भिजवाने का श्रम करें ताकि बोर्ड द्वारा कनिष्ठ विधि अधिकारी के रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही प्रारम्भ की जा सके।

भवदीय,

(डॉ. बी.एल जाटावत)
अध्यक्ष

9

दि 15-2-19

ज्ञापन

**मुख्य सचिव महोदय,**
**राजस्थान सरकार, जयपुर।**

**विषय :– कनिष्ठ विधि अधिकारी (JLO) के रिक्त पदों को भरने के लिए नवीन भर्ती प्रक्रिया हेतु RPSC अजमेर से विज्ञप्ति जारी कराने बाबत्।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि वर्तमान में कनिष्ठ विधि अधिकारी (JLO) के अत्यधिक संख्या में पद रिक्त है। विधि अधिकारियों के पद रिक्त रहने पर विभिन्न विभागों का विधिक/वादकरण सम्बन्धी कार्य प्रतिकूल रूप से प्रभावित होना स्वभाविक है, जो कि राज्यहित में नहीं है।

उल्लेखनीय है कि विधि एवं विधिक कार्य विभाग द्वारा 159 कनिष्ठ विधि अधिकारियों की भर्ती हेतु लोक सेवा आयोग को निवेदन किया जा चुका है परन्तु अत्यन्त समय व्यतीत होने के पश्चात् भी अभी तक भर्ती हेतु विज्ञापन जारी नहीं हुआ है। यदि लोक सभा चुनावों की आचार संहिता से पूर्व ही लोक सेवा आयोग से उक्त रिक्तियों को भरने हेतु विज्ञप्ति जारी नहीं की जाती है तो भर्ती का विज्ञापन आचार संहिता से प्रभावित हो सकता है और इस कारण से लगभग तीन माह का और विलम्ब संभावित है।

अतः निवेदन है कि कनिष्ठ विधि अधिकारियों के रिक्त पदों को भरने हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग से शीघ्र ही विज्ञापन जारी करवाने की कृपा करें ताकि आचार संहिता से पूर्व भर्ती की प्रक्रिया प्रारम्भ हो सके।

सादर

**भवदीय**
15/2/2019
**(जितेन्द्र सिंह)**
**अध्यक्ष**
**राजस्थान विधि सेवा परिषद**

O/C

11

10 दि. 15-2-19

ज्ञापन

मा0 विधि मंत्री महोदय,
राजस्थान सरकार, जयपुर।

**विषय :– कनिष्ठ विधि अधिकारी (JLO) के रिक्त पदों को भरने के लिए नवीन भर्ती प्रक्रिया हेतु RPSC अजमेर से विज्ञप्ति जारी कराने बाबत्।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि वर्तमान में कनिष्ठ विधि अधिकारी (JLO) के अत्यधिक संख्या में पद रिक्त है। विधि अधिकारियों के पद रिक्त रहने पर विभिन्न विभागों का विधिक/वादकरण सम्बन्धी कार्य प्रतिकूल रूप से प्रभावित होना स्वभाविक है, जो कि राज्यहित में नहीं है।

उल्लेखनीय है कि विधि एवं विधिक कार्य विभाग द्वारा 159 कनिष्ठ विधि अधिकारियों की भर्ती हेतु लोक सेवा आयोग को निवेदन किया जा चुका है परन्तु अत्यन्त समय व्यतीत होने के पश्चात् भी अभी तक भर्ती हेतु विज्ञापन जारी नहीं हुआ है। यदि लोक सभा चुनावों की आचार संहिता से पूर्व ही लोक सेवा आयोग से उक्त रिक्तियों को भरने हेतु विज्ञप्ति जारी नहीं की जाती है तो भर्ती का विज्ञापन आचार संहिता से प्रभावित हो सकता है और इस कारण से लगभग तीन माह का और विलम्ब संभावित है।

पूर्व में कनिष्ठ विधि अधिकारियों की भर्ती का विज्ञापन वर्ष 2013 में जारी हुआ था और भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2016 में पूर्ण हुई थी।

अतः निवेदन है कि कनिष्ठ विधि अधिकारियों के रिक्त पदों को भरने हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग से शीघ्र ही विज्ञापन जारी करवाने की कृपा करें ताकि आचार संहिता से पूर्व भर्ती की प्रक्रिया प्रारम्भ हो सके।

सादर

भवदीय
15/2/2019
(जितेन्द्र सिंह)
अध्यक्ष
राजस्थान विधि सेवा परिषद

12

स्थापना : 1982

# राजस्थान विधि सेवा परिषद

कार्यालय :– कमरा नं. 1007, मुख्य भवन
शासन सचिवालय, जयपुर (राज.)

जितेन्द्र सिंह
अध्यक्ष
7014347174, 9461302649

क्रमांक : राज.वि.से.प./15 दिनांक : 05/4/2019

## आदेश

मैं जितेन्द्र सिंह, राजस्थान विधि सेवा परिषद् के अध्यक्ष के रूप में विधि सेवा परिषद् के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा निम्नलिखित समितियों के गठन एवं उनके पदाधिकारियों के मनोनयन की घोषणा करता हूँ –

### –: महिला प्रकोष्ठ :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती आशा शर्मा, उप विधि परामर्शी | अध्यक्ष |
| 2. | सुश्री भारती शर्मा, वरिष्ठ विधि अधिकारी | सदस्य |
| 3. | श्रीमती रानू चौधरी, कनिष्ठ विधि अधिकारी | सदस्य |
| 4. | सुश्री पूनम कुमारी गुप्ता, कनिष्ठ विधि अधिकारी | सदस्य |
| 5. | श्रीमती दिशा फौजदार, कनिष्ठ विधि अधिकारी | सदस्य |
| 6. | सुश्री शालिनी मित्रुका, कनिष्ठ विधि अधिकारी | सदस्य |

### – : मुद्रण (परिचय पत्र आदि), प्रकाशन एवं बेवसाईट संधारण समिति :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री महेश यादव, सहायक विधि परामर्शी | अध्यक्ष |
| 2. | श्री उगमाराम, सहायक विधि परामर्शी | सदस्य |
| 3. | श्री संजय कुमार, सहायक विधि परामर्शी | सदस्य |
| 4. | सुश्री भारती शर्मा, वरिष्ठ विधि अधिकारी | सदस्य |
| 5. | श्री सोमदत्त खाण्डपा, कनिष्ठ विधि अधिकारी | सदस्य |
| 6. | श्री विभात सींवर, कनिष्ठ विधि अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्री हेमन्त सिंह, कनिष्ठ विधि अधिकारी | सदस्य |
| 8. | श्री सुनील मुवाल, कनिष्ठ विधि अधिकारी | सदस्य |

05/4/2019

## —: विदाई समारोह कार्यवाही समिति :—

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री विजय कुमार जैन, उप विधि परामर्शी | अध्यक्ष |
| 2. | श्री सुखदेव सिंह, वरिष्ठ विधि अधिकारी | सदस्य |
| 3. | श्री विभात सींवर, कनिष्ठ विधि अधिकारी | सदस्य |
| 4. | श्री हेमन्त सिंह, कनिष्ठ विधि अधिकारी | सदस्य |
| 5. | श्री सोमदत्त खाण्डपा, कनिष्ठ विधि अधिकारी | सदस्य |
| 6. | श्री सुनील मुवाल, कनिष्ठ विधि अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्री दिनेश चारण, कनिष्ठ विधि अधिकारी | सदस्य |
| 8. | श्रीमती खुशबू चौबीसा, कनिष्ठ विधि अधिकारी | सदस्य |
| 9. | श्री विकास अग्रवाल, कनिष्ठ विधि अधिकारी | सदस्य |
| 10. | श्रीमती शालिनी पाण्डेय, कनिष्ठ विधि अधिकारी | सदस्य |
| 11. | श्रीमती सपना वर्मा, कनिष्ठ विधि अधिकारी | सदस्य |
| 12. | श्री प्रिन्स जैमन, कनिष्ठ विधि अधिकारी | सदस्य |
| 13. | श्री नन्दकिशोर बाकोलिया, कनिष्ठ विधि अधिकारी | सदस्य |

05/4/2019

05/4/2019

(जितेन्द्र सिंह)

अध्यक्ष

राज0 विधि सेवा परिषद्

O/C

प्रतिलिपि :— निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. प्रेस एवं मीडिया, जयपुर।
2. नोटिस बोर्ड, शासन सचिवालय, जयपुर।

05/4/2019

05/4/2019

अध्यक्ष

राज0 विधि सेवा परिषद्

O/C

ON POCO F1

सत्यमेव जयते

# राजस्थान सरकार
## मंत्रिमण्डल सचिवालय

## मंत्रिमण्डल की आज्ञा

## 31/2019

विधि एवं विधिक कार्य विभाग (राजकीय वादकरण) द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन क्रमांकः प. 12(8)राज/वाद/10 पार्ट दिनांक 01.04.2019 में अंकित राज्य की नवीन वादकरण नीति के निरूपण संबंधी प्रस्ताव को दिनांक 04 अप्रैल, 2019 को सरक्यूलेशन के माध्यम से स्वीकृत करते हुए, ज्ञापन के संलग्न तत्संबंधी **Rajasthan State Litigation Policy, 2018** के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

(डी0 बी0 गुप्ता)
मुख्य सचिव

प्रमुख शासन सचिव,
विधि एवं विधिक कार्य विभाग

---

डी. 31/मं.मं./2019
जयपुर, दिनांक:09 अप्रैल, 2019

24-5-19

शासन संयुक्त सचिव
विधि एवं विधिक कार्य विभाग,
शासन सचिवालय, जयपुर।

**विषय** – विधि सेवा परिषद् द्वारा बनवाये गये विधि अधिकारियों के परिचय पत्र जारी करने के सम्बन्ध में।

**संदर्भ** – आपका पत्र क्रमांक प. 22 (7) न्याय/2017 दिनांक 02.08.2018 एवं परिषद् का पत्र क्रमांक राज.वि.से.प./76 दिनांक 30.08.2018

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्रों के क्रम में निवेदन है कि विधि विभाग की स्वीकृति पश्चात विधि सेवा परिषद् द्वारा 125 विधि अधिकारीगण के परिचय पत्र बनवाये जा चुके है। बाद में परिचय पत्र बनवाने हेतु दिनांक 15.04.2019 तक कुल 50 आवेदन (संलग्न सूची क्रम सं0 126–175 तक) प्राप्त हुए हैं, जिनमे से 34 परिचय–पत्र बनवाये जा चुके हैं।

अतः सदस्यों से प्राप्त मूल 34 आवेदन एवं तैयार परिचय–पत्र, इस पत्र के साथ संलग्न कर निवेदन है कि परिचय पत्रों को नियमानुसार विधि विभाग के स्तर से जारी करवाने की कृपा करें।

संलग्न – उपरोक्तानुसार।

24/5/2019

(जितेन्द्र सिंह)
अध्यक्ष
राजस्थान विधि सेवा परिषद।

स्थापना : 1982

# राजस्थान विधि सेवा परिषद

कार्यालय :- कमरा नं. 1007, मुख्य भवन
शासन सचिवालय, जयपुर (राज.)

जितेन्द्र सिंह
अध्यक्ष
7014347174, 9461302549

क्रमांक : राज.वि.से.प./17

दिनांक : 25.04.2019

## आम सूचना

विधि सेवा के सभी माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि विधि सेवा के सम्माननीय अधिकारी श्रीमान विजय प्रसाद शर्मा, उप विधि परामर्शी अपनी राजकीय सेवा सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए दिनांक 30.04.2019 को राजकीय सेवा से सेवानिवृत हो रहे हैं।

श्रीमान ब्रजबिहारी शर्मा, उप विधि परामर्शी अपनी राजकीय सेवा सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए दिनांक 31.12.2018 को राजकीय सेवा से सेवानिवृत हो चुके हैं। अपरिहार्य कारण से उनका सेवानिवृति समारोह तत्समय आयोजित नहीं हो सका।

अतः उक्त अधिकारियों के सम्मान में राजस्थान विधि सेवा परिषद द्वारा सेवानिवृति समारोह दिनांक 30.04.2019 को अपरान्ह 3.00 से 4.00 बजे, कॉन्फ्रेन्स हॉल (मुख्य सचिव महोदय के कार्यालय के पास) शासन सचिवालय, जयपुर में आयोजित किया जा रहा है।

उक्त समारोह में सभी माननीय सदस्यों की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

निवेदक

25/4/19

(उत्तम सिंह)
महासचिव
राजस्थान विधि सेवा परिषद

17

19

17.5.19

**शासन संयुक्त सचिव**
**विधि एवं विधिक कार्य विभाग,**
**शासन सचिवालय, जयपुर।**

**विषय –** विधि सेवा परिषद् द्वारा बनवाये गये विधि अधिकारियों के परिचय पत्र जारी करने के सम्बन्ध में।

**संदर्भ –** आपका पत्र क्रमांक प. 22 (7) न्याय/2017 दिनांक 02.08.2018 एवं परिषद् का पत्र क्रमांक राज.वि.से.प./15 दिनांक 24.04.2019

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं परिषद् के संदर्भित पत्र की निरन्तरता में निवेदन है कि पूर्व में परिचय पत्र बनवाने हेतु प्राप्त 50 आवेदनों में से कुल 34 परिचय पत्र तैयार कर परिषद् के संदर्भित पत्र के साथ विधि विभाग को भिजवाये जा चुके हैं। पूर्व में प्रेषित की जा चुकी सूची के क्रम संख्या 160, 161 एवं 164 के परिचय पत्र तैयार हो चुके हैं।

अतः सदस्यों से प्राप्त मूल 03 आवेदन एवं तैयार परिचय–पत्र, इस पत्र के साथ संलग्न कर निवेदन है कि परिचय पत्रों को नियमानुसार विधि विभाग के स्तर से जारी करवाने की कृपा करें।

संलग्न – उपरोक्तानुसार।

17/5/2019

(जितेन्द्र सिंह)
**अध्यक्ष**
**राजस्थान विधि सेवा परिषद।**

स्थापना : 1982

# राजस्थान विधि सेवा परिषद

कार्यालय :- कमरा नं. 1007, मुख्य भवन
शासन सचिवालय, जयपुर (राज.)

जितेन्द्र सिंह
अध्यक्ष
7014347174, 9461302549

क्रमांक : राज.वि.से.प./ 20

दिनांक : 24.05.2019

## आम सूचना

विधि सेवा के सभी माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि विधि सेवा के सम्माननीय अधिकारी श्रीमान महेश कुमार शर्मा, उप विधि परामर्शी अपनी राजकीय सेवा सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए दिनांक 31.05.2019 को राजकीय सेवा से सेवानिवृत हो रहे हैं।

अतः उक्त अधिकारी के सम्मान में राजस्थान विधि सेवा परिषद द्वारा सेवानिवृति समारोह दिनांक 31.05.2019 को अपरान्ह 2:00 से 3:00 बजे, कॉन्फ्रेन्स हॉल (मुख्य सचिव महोदय के कार्यालय के पास) शासन सचिवालय, जयपुर में आयोजित किया जा रहा है।

उक्त समारोह में सभी माननीय सदस्यों की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

निवेदक

(उत्तम सिंह)
महासचिव
राजस्थान विधि सेवा परिषद

19

22

दि. 10.6.19

**शासन संयुक्त सचिव**
**विधि एवं विधिक कार्य विभाग,**
**शासन सचिवालय, जयपुर।**

**विषय –** विधि सेवा परिषद् द्वारा बनवाये गये विधि अधिकारियों के परिचय पत्र जारी करने के सम्बन्ध में।

**संदर्भ –** आपका पत्र क्रमांक प. 22 (7) न्याय/2017 दिनांक 02.08.2018 एवं परिषद् के पत्र क्रमांक राज.वि.से.प./15 दिनांक 24.04.2019 व क्रमांक 19 दिनांक 17.05.2019

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं परिषद् के संदर्भित पत्रों की निरन्तरता में निवेदन है कि पूर्व में परिचय पत्र बनवाने हेतु प्राप्त 50 आवेदनों में से कुल 37 परिचय पत्र तैयार कर परिषद् के संदर्भित पत्रों के साथ विधि विभाग को भिजवाये जा चुके हैं। पूर्व में प्रेषित की जा चुकी सूची के क्रम संख्या 151, 152 एवं 163 के परिचय पत्र तैयार हो चुके हैं।

अतः सदस्यों से प्राप्त मूल 03 आवेदन एवं तैयार परिचय-पत्र, इस पत्र के साथ संलग्न कर निवेदन है कि परिचय पत्रों को नियमानुसार विधि विभाग के स्तर से जारी करवाने की कृपा करें।

संलग्न – उपरोक्तानुसार।

10/6/2019

**(जितेन्द्र सिंह)**
**अध्यक्ष**
**राजस्थान विधि सेवा परिषद।**

O/C

20

स्थापना : 1982

# राजस्थान विधि सेवा परिषद


कार्यालय :- कमरा नं. 1007, मुख्य भवन
शासन सचिवालय, जयपुर (राज.)

जितेन्द्र सिंह
अध्यक्ष
7014347174, 9461302549


क्रमांक : राज.वि.से.प./22

दिनांक : 22-07-2019

## बैठक कार्यवाही विवरण

राजस्थान विधि सेवा परिषद के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र सिंह जी की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की द्वितीय बैठक दिनांक 22.07.2019 को दोपहर 1:00 से 2:00 बजे तक शासन सचिवालय स्थित उनके कक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में परिषद के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र सिंह एवं उपस्थित सदस्यों द्वारा विचार विमर्श पश्चात सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिए गये :–

1. राजस्थान विधि सेवा परिषद द्वारा सभी सदस्यों को प्रशिक्षण दिलाने हेतु विधि विभाग को अभ्यावेदन पूर्व में ही प्रस्तुत कर दिया है। प्रमुख शासन सचिव महोदय से चर्चा करके प्रशिक्षण के सम्बंध में पुनः प्रयास किये जाने का निर्णय लिया गया।
2. श्री नरेन्द्र श्याम नवल, उप विधि परामर्शी कलक्ट्रेट, पाली से दिनांक 31.07.2019 को सेवा निवृत हो रहें हैं। विधि सेवा परिषद् की तरफ से इनका सेवा निवृत समारोह दिनांक 31.07.2019 को पाली में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पाली जाकर समारोह आयोजित करने के लिये एक प्रतिनिधि मण्डल को निर्देश दिये गये।
3. जिन सदस्यों ने चालू वर्ष का वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा नहीं करवाया है। उन सभी सदस्यों से वार्षिक सदस्यता शुल्क रू. 500/– प्राप्त किये जाने की कार्यवाही की जावे।
4. विधि सेवा परिषद् की वेबसाईट विधि सेवा सदस्यों के लिये अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है। वेबसाईट के रखरखाव के संबंध में कॉन्ट्रेक्ट की 2 वर्ष की अवधि समाप्त होने से एक माह पूर्व ही इसको पुनः 2 वर्ष आगे के लिये नवीनीकृत करने का निर्णय लिया गया।
5. वर्ष 2015 के पश्चात् विधि सेवा परिषद् के सदस्यों की स्मारिका का प्रकाशन नहीं हुआ है इसलिये सदस्यों की नवीन स्मारिका के प्रकाशन की तैयारी करने का निर्णय लिया गया। इस कार्य हेतु कमेटी का गठन अध्यक्ष महोदय द्वारा किया जायेगा।
6. परिषद् के अथक प्रयासों से सभी कलक्ट्रेट में उप विधि परामर्शी के पदों का सृजन करवाया जा चुका है। नवीन पदों के अस्तित्व में बने रहने के लिये यह आवश्यक है कि उन पदों पर शीघ्रातिशीघ्र किसी अधिकारी का पदस्थापन हो और उस पद पर

उसका वेतन आहरित हो। अभी हाल में आयोजित होने वाली विभागीय पदोन्नती समिति की बैठक के पश्चात् पदोन्नत होने वाले अधिकारियों द्वारा यदि नव सृजित पदों पर अपनी उपस्थिति देकर वेतन आहरित नहीं किया जाता है तो इन पदों के समाप्त होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। यह स्थिति विधि सेवा के लिये अत्यंत कष्टदायी साबित होगी क्योंकि सहायक विधि परामर्शीगण की शीघ्र पदोन्नती प्राप्त करने की संभावना समाप्त हो जायेगी। इसलिये सेवा के हित में समस्त सदस्यों से यह निवेदन करने का निर्णय लिया गया कि पदोन्नती प्राप्त करने वाले जिन उप विधि परामर्शी/सहायक विधि परामर्शीगण का पदस्थापन कलेक्ट्रेट में नवसृजित प्रद पर होता है वह उस पद पर आवश्यक रूप से कार्यभार ग्रहण कर लें ताकि बड़े स्तर पर नवसृजित पदों को समाप्त होने से बचाया जा सके।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(उत्तम सिंह)
महासचिव
राजस्थान विधि सेवा परिषद्

स्थापना : 1982

# राजस्थान विधि सेवा परिषद

कार्यालय :- कमरा नं. 1007, मुख्य भवन
शासन सचिवालय, जयपुर (राज.)

जितेन्द्र सिंह
अध्यक्ष
7014347174, 9461302549

क्रमांक : राज.वि.से.प./24

दिनांक : 30-07-2019

## आम सूचना

विधि सेवा के सभी माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि विधि सेवा के सम्माननीय अधिकारी श्री नरेन्द्र श्याम नवल, उप विधि परामर्शी कलक्ट्रेट, पाली अपनी राजकीय सेवा सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए दिनांक 31.07.2019 को राजकीय सेवा से सेवानिवृत हो रहे हैं।

श्री नवल के सम्मान में राजस्थान विधि सेवा परिषद द्वारा सेवानिवृति समारोह सायः 5.00 से 6.00 बजे कलक्ट्रेट सभा भवन, पाली में आयोजित किया जा रहा है, समारोह के संबंध में अपेक्षित कार्यवाही विधि सेवा परिषद् द्वारा गठित "विदाई समारोह कार्यवाही समिति" द्वारा की जायेगी।

सभी माननीय सदस्यों की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

निवेदक

30/7/19

(उत्तम सिंह)
महासचिव
राजस्थान विधि सेवा परिषद

23

स्थापना : 1982

# राजस्थान विधि सेवा परिषद

कार्यालय :- कमरा नं. 1007, मुख्य भवन
शासन सचिवालय, जयपुर (राज.)

जितेन्द्र सिंह
अध्यक्ष
7014347174, 9461302549

क्रमांक : राज.वि.से.प./25

दिनांक : 30-07-2019

## आम सूचना (संशोधित)

विधि सेवा के सभी माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि विधि सेवा के सम्माननीय अधिकारी श्री नरेन्द्र श्याम नवल, उप विधि परामर्शी कलक्ट्रेट, पाली अपनी राजकीय सेवा सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए दिनांक 31.07.2019 को राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

श्री नवल के सम्मान में राजस्थान विधि सेवा परिषद द्वारा सेवानिवृति समारोह दिनांक 31.07.2019 को सायः 8.00 बजे महेश्वरी भवन, नेहरू पार्क के पास, सोजत सिटी, पाली में आयोजित किया जा रहा है, समारोह के संबंध में अपेक्षित कार्यवाही विधि सेवा परिषद् द्वारा गठित "विदाई समारोह कार्यवाही समिति" द्वारा की जायेगी।

सभी माननीय सदस्यों की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

निवेदक

उत्तम 30/7/19

(उत्तम सिंह)
महासचिव
राजस्थान विधि सेवा परिषद

24

स्थापना : 1982

# राजस्थान विधि सेवा परिषद

कार्यालय :- कमरा नं. 1007, मुख्य भवन
शासन सचिवालय, जयपुर (राज.)

जितेन्द्र सिंह
अध्यक्ष
7014347174, 9461302549

क्रमांक : राज.वि.से.प./२६ दिनांक : 30.07.2019

श्रीमान शासन संयुक्त सचिव,
विधि एवं विधिक कार्य विभाग,
शासन सचिवालय, जयपुर।

विषय— श्री जितेन्द्र कुमार जोशी, कनिष्ठ विधि अधिकारी, नगर परिषद् प्रतापगढ़, द्वारा प्रेषित पत्र दिनांक 29.07.2019 के सम्बन्ध मे।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि श्री जितेन्द्र कुमार जोशी प्रथम नियुक्ति से आज तक कार्यालय नगर परिषद्, प्रतापगढ़ में कनिष्ठ विधि अधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं एवं विधि अधिकारियों के लिये विधि विभाग द्वारा निर्धारित कर्तव्यों का पालन किया जा रहा है। विगत कुछ समय से आयुक्त, नगर परिषद्, प्रतापगढ़ द्वारा विधि अधिकारियों के लिये निर्धारित दायित्वों/कार्यों के अतिरिक्त अन्य कार्य करने का दवाब बनाया गया है और ऐसा नहीं करने पर श्री जोशी के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु विधि एवं विधिक कार्य विभाग को पत्र लिखा गया है।

अतः विधि सेवा अधिकारी पर उनके पदीय कर्तव्यों से भिन्न कार्य करने का दबाव बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद्, प्रतापगढ़ द्वारा लिखे गये पत्र पर कोई कार्यवाही किया जाना अपेक्षित प्रतीत नहीं होता है। विधि विभाग की ओर से इस संबंध में आयुक्त, नगर परिषद्, प्रतापगढ़ को आवश्यक निर्देश जारी करने की कृपा करें ताकि विधि सेवा के अधिकारी बिना किसी दबाव के अपने पदीय कर्तव्यों का सम्पादन कर सके।

संलग्न :— विधि अधिकारी से प्राप्त पत्र की प्रति।

Sd.
(जितेन्द्र सिंह)
अध्यक्ष
राजस्थान विधि सेवा परिषद

**प्रतिलिपि :—** श्री जितेन्द्र कुमार जोशी, कनिष्ठ विधि अधिकारी कार्यालय नगर परिषद्, प्रतापगढ़ को सूचनार्थ।

30/7/2019
(जितेन्द्र सिंह)
अध्यक्ष

सचिव महोदय, विधि एवं विधिक कार्य विभाग राजस्थान सरकार जयपुर को भी पत्र लिखा गया। श्रीमान् से आग्रह हे कि नगर परिषद् प्रतापगढ के आयुक्त महोदय द्वारा प्रेषित पत्र क्रमांक 6470–6473 दिनांक 24.07.2019 में वर्णित तथ्यों एवं भाषा शैली के प्रयोग से ही आप विनिश्चय कर सकते है कि किस स्तर की विचार धारा के साथ अपने पदीय कर्तव्यो, अधिकारो एवं शक्तियों का प्रयोग कर नगर परिषद् का कार्यालय चलाया जा रहा है । बिना किसी विधिक प्रकिया का पालन किये एवं अधिकार क्षेत्र से परे जाकर कार्य करने की प्रवृति पर विचार किया जाना आवश्यक है। प्रार्थी की ईमानदार छवि को धूमिल करने एवं दबाने के उद्देश्य से परिपत्र के दिनांक 24.07.2019 पत्रांक 6470–6473 में मिथ्या आरोप लगाया गया है। जिनको साबित करने का भार परिषद के वर्तमान आयुक्त महोदय पर है अतः उच्च अधिकारीयो से भी यही निवेदन है कि प्रार्थी के विरूद्व की गई एकपक्षीय कार्यवाही के समर्थन में साक्ष्य सहित साबित करने हेतु आयुक्त महोदय को निदेशित किया जावे। यदि इसी प्रकार से किसी ईमानदार निष्ठावान कार्मिक पर मिथ्या आरोप लगाते हुए हटाने की कार्यवाही दुभावना पूर्वक कि जाती है तो इससे प्रत्येक ईमानदार कर्मठ कार्मिक का मनोबल कमजोर ही होगा। जिसका प्रतिकुल प्रभाव राज्य के हितो पर निशचित रूप से पड़ने की संभावना है।

कृपया आवश्यक कार्यवाही करवाने का श्रम करावे। सादर धन्यवाद

<u>प्रतिलिपि :– सूचनार्थ</u>

1. श्रीमान् प्रमुख शासन सचिव महोदय, विधि एवं विधिक कार्य विभाग, जयपुर ।
2. श्रीमान् संयुक्त शासन सचिव महोदय विधि एवं विधिक कार्य विभाग, जयपुर ।
3. श्रीमान् वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी महोदय, स्वायत शासन विभाग, जयपुर ।

दिनांक :- 29-07-19

भवनिष्ठ

जितेन्द्र कुमार जोशी (29.7.19)

जितेन्द्र कुमार जौशी
कनिष्ठ विधि अधिकारी
नगर परिषद् प्रतापगढ (राज)
मो.न. 9785084342

सेवामें,

श्रीमान् अध्यक्ष महोदय,
राजस्थान विधि सेवा परिषद्
शासन सचिवालय, जयपुर (राज.)

विषय :– मुझ प्रार्थी के विरूद्ध एक तरफा की जा रही कार्यवाही के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करवाये जाने बाबत्।

महोदय जी

सादर **प्रणाम**, उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि मुझ प्रार्थी का पद स्थापन विधि एवं विधिक कार्य विभाग राजस्थान सरकार जयपुर के आदेश पत्रांक प.22(2)न्याय/2013 दिनांक 23.05.2016 के क्रम में कार्यालय नगर परिषद् प्रतापगढ में कनिष्ठ विधि अधिकारी के पद पर किया गया । प्रार्थी द्वारा प्रथम नियुक्ति से आज दिनांक तक पदीय कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी निष्ठा और निष्पक्षता के साथ किया जा रहा है। किन्तु विगत कुछ समय से आयुक्त महोदय, नगर परिषद् प्रतापगढ, द्वारा पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर पदीय कार्यो को किये जाने में अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है।

इसी क्रम में कार्यालय नगर परिष्द प्रतापगढ द्वारा आदेश पत्र क्रमांक न.प.प्र. /2019 /6331 –6333 दिनांक 17.07.2019 द्वारा प्रार्थी को विधि शाखा के अलावा विधान सभा प्रश्न सभी सुचनाएं एकत्रित कर समय पर प्रेषित करने हेतु एवं सूचना के अधिकार अधिनियम की सूचना सभी शाखा से प्राप्त कर समय पर प्रेषित करने हेतु आदेशित किया गया जिस क्रम में प्रार्थी द्वारा दिनांक 18.07.2019 को उक्त कार्यालय आदेश में संशोधन कराये जाने हेतु प्रार्थना पत्र मय सभी महत्वपूर्ण परिपत्रो के साथ श्रीमान् आयुक्त महोदय को प्रस्तुत किया गया। जिस पर उनके द्वारा किसी भी प्रकार की टिप्पणी अंकित नही करते हुए सशोधंन करने से इंन्कार कर दिया गया एवं तृतीय पक्षकार के जरीये मौखिक सूचित करवाया जा रहा है कि विधि शाखा से अलावा अन्य कार्य तो करना ही पड़ेगा अन्यथा 17 सीसी एवं एपीओ की कार्यवाही हेत तैयार रहे ।

इसी क्रम में परिषद के आयुक्त महोदय द्वारा विधि शाखा से अतिरिक्त कार्य करने का अनावश्यक दबाव बनाया गया एव मेरे विरूद्व कार्यवाही हेतु श्रीमान् प्रमुख शासन

# राजस्थान विधि सेवा परिषद

स्थापना : 1982

कार्यालय :- कमरा नं. 1007, मुख्य भवन
शासन सचिवालय, जयपुर (राज.)

**जितेन्द्र सिंह**
**अध्यक्ष**
7014347174, 9461302549


क्रमांक : राज.वि.से.प./ 26

दिनांक : 30/7/2019

श्रीमान संयुक्त शासन सचिव,
विधि एवं विधिक कार्य विभाग,
शासन सचिवालय, जयपुर।

विषय–श्री जितेन्द्र कुमार जोशी, कनिष्ठ विधि अधिकारी नगर परिषद् प्रताप गढ़ द्वारा प्रेषित पत्र दिनांक 29.07.2019 के सम्बन्ध मे।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि श्री जितेन्द्र कुमार जोशी प्रथम नियुक्ति से आज तक कार्यालय नगर परिषद्, प्रतापगढ़ में कनिष्ठ विधि अधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं एवं विधि अधिकारियों के लिये विधि विभाग द्वारा निर्धारित कर्तव्यों का पालन किया जा रहा है। विगत कुछ समय से आयुक्त, नगर परिषद्, प्रतापगढ़ द्वारा विधि अधिकारियों के लिये निर्धारित दायित्वों/कार्यों के अतिरिक्त अन्य कार्य करने का दवाब बनाया गया है और ऐसा नहीं करने पर श्री जोशी के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु विधि एवं विधिक कार्य विभाग को पत्र लिखा गया है।

अतः विधि सेवा अधिकारी पर उनके पदीय कर्तव्यों से भिन्न कार्य करने का दबाव बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद्, प्रतापगढ़ द्वारा लिखे गये पत्र पर कोई कार्यवाही किया जाना अपेक्षित प्रतीत नहीं होता है। विधि विभाग की ओर से इस संबंध में आयुक्त, नगर परिषद्, प्रतापगढ़ को आवश्यक निर्देश जारी करने की कृपा करें ताकि विधि सेवा के अधिकारी बिना किसी दबाव के अपने पदीय कर्तव्यों का सम्पादन कर सके।

संलग्न :– विधि अधिकारी से प्राप्त पत्र की प्रति।

30/7/2019
(जितेन्द्र सिंह)
अध्यक्ष
राजस्थान विधि सेवा परिषद

**प्रतिलिपि** :– श्री जितेन्द्र कुमार जोशी, कनिष्ठ विधि अधिकारी कार्यालय नगर परिषद्, प्रतापगढ़ को सूचनार्थ।

30/7/2019
(जितेन्द्र सिंह)
अध्यक्ष

28

स्थापना : 1982

# राजस्थान विधि सेवा परिषद

कार्यालय :- कमरा नं. 1007, मुख्य भवन
शासन सचिवालय, जयपुर (राज.)

**जितेन्द्र सिंह**
**अध्यक्ष**
7014347174, 9461302549

क्रमांक : राज.वि.से.प./ २७

दिनांक : 29.08.2019

## आम सूचना

विधि सेवा के सभी माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि विधि सेवा के सम्माननीय अधिकारी श्रीमान **हजारी राम ज्याणी, वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी** अपनी राजकीय सेवा सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए दिनांक 31.08.2019 को राजकीय सेवा से सेवानिवृत हो रहे हैं।

अतः उक्त अधिकारी के सम्मान में राजस्थान विधि सेवा परिषद द्वारा सेवानिवृति समारोह दिनांक 30.08.2019 को अपरान्ह 2:30 से 3:30 बजे, कॉन्फ्रेन्स हॉल (मुख्य सचिव महोदय के कार्यालय के पास) शासन सचिवालय, जयपुर में आयोजित किया जा रहा है।

उक्त समारोह में सभी माननीय सदस्यों की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

निवेदक

29/8/19

(उत्तम सिंह)
महासचिव
राजस्थान विधि सेवा परिषद

२९

स्थापना : 1982

# राजस्थान विधि सेवा परिषद

कार्यालय :- कमरा नं. 1007, मुख्य भवन
शासन सचिवालय, जयपुर (राज.)

जितेन्द्र सिंह
अध्यक्ष
7014347174, 9461302549

क्रमांक : राज.वि.से.प./28 दिनांक : 30.8.2019

## आभार

विधि सेवा परिषद के अथक प्रयास एवं विधि विभाग के विशेष सहयोग से विधि विभाग द्वारा दिनांक 30.08.2019 को एक परिपत्र जारी करते हुए विधि सेवा अधिकारियों के कर्त्तव्य एवं उत्तरदायित्वों को पुनः परिभाषित किया गया है। इससे सभी सदस्य लाभान्वित होंगे। इस कार्य के लिए विधि सेवा परिषद, प्रमुख शासन सचिव महोदय एवं संयुक्त शासन सचिव महोदय का विशेष आभार प्रकट करती है।

30/8/19

(उत्तम सिंह)
महासचिव
राजस्थान विधि सेवा परिषद

30

स्थापना : 1982

# राजस्थान विधि सेवा परिषद

कार्यालय :- कमरा नं. 1007, मुख्य भवन
शासन सचिवालय, जयपुर (राज.)

जितेन्द्र सिंह
अध्यक्ष
7014347174, 9461302549

क्रमांक : राज.वि.से.प. /२१

दिनांक : 04-09-2019

## आम सूचना

विधि सेवा के सभी सम्मानीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि विधि विभाग के स्तर पर वादकरण नीति 2018 जारी की गई है। सभी विधि अधिकारियों को नवीन वादकरण नीति की जानकारी होना आवश्यक है। इसलिये विधि सेवा के समस्त सदस्यों को नवीन वादकरण नीति की प्रति निःशुल्क वितरित करने का निर्णय लिया गया है।

